प्रदीप दुबे

अ0शा0 पत्र सं0: 980 / 7(प) /2020

कार्यालय : 0522-2213351
: 0522-2238098
फैक्स : 0522-2238208
आवास : 0522-2209294

विधान भवन,
लखनऊ

दिनांक 19/08/2020

मान्यवर,

कृपया दिनांक 17 अगस्त, 2020 को इस कार्यालय द्वारा प्रेषित किए गए पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कोविड–19 की महामारी के दौरान दिनांक 20 अगस्त, 2020 से आहूत किए जाने वाले विधान सभा सत्र के विषय में कतिपय सुझाव दिए गए थे।

2– उक्त के अतिरिक्त कोरोना महामारी की तीव्रता को देखते हुए मुझे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि ऐसे मा0 सदस्यगण, जिनकी आयु 65 वर्ष या उससे अधिक है अथवा ऐसे अन्य मा0 सदस्यगण जिनको अन्यथा कोई असुविधा है, वह मा0 अध्यक्ष जी को एक पत्र प्रेषित कर सकते हैं, जिसके आधार पर उनकी वर्चुअल उपस्थिति मान ली जाएगी।

3– जिन मा0 सदस्यों का कोविड टेस्ट पॉज़िटिव आने के बाद एक सप्ताह पहले ही निगेटिव आया है, वे मा0 सदस्यगण भी मा0 अध्यक्ष को पत्र प्रेषित करके अपनी वर्चुअल उपस्थिति हेतु अनुरोध कर सकते हैं।

4– वर्चुअल उपस्थिति के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस विषय में अन्य विवरण पृथक रूप से शीघ्र प्रेषित किया जाएगा।

कोरोना महामारी के इस वातावरण में मुझे यह अनुरोध करने का निदेश भी हुआ है कि कोविड–19 से संबंधित राज्य सरकार द्वारा जो अन्य प्रोटोकॉल अथवा दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं, उनका भी अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें, जिससे सदन सुरक्षित रूप से संचालित किया जा सके।

(प्रदीप दुबे)

समस्त माननीय सदस्यण,
विधान सभा, उ0प्र0।